दिन– रविवार दिनांक– 09 / 02 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव आज बिहार के एक दिवसीय दौरे पर आ रहे है। श्री वैष्णव बेतिया में नव निर्मित रेल ऊपरी पुल–आरओबी का लोकार्पण करेंगे।

02. परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का आठवां संस्करण कल से हो रहा है शुरू। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पहली कड़ी में विद्यार्थियों से करेंगे बातचीत।

03. उत्तराखंड में आयोजित अड़तीसवें राष्ट्रीय खेलों में बिहार ने स्वर्ण पदक जीता। लॉन बॉल महिला ट्रिपल स्पर्धा में मिला गोल्ड मेडल।

04. और, सर्द पछुआ हवा के प्रभाव के कारण राज्य के अधिकांश हिस्सों में तापमान में गिरावट। मौसम विभाग ने कहा– अगले दो दिनों में पछुआ हवा का प्रभाव होगा कम।

————————————————————————

रेल और सूचना तथा प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव आज बिहार का दौरा करेंगे। श्री वैष्णव इस क्रम में आज बेतिया पहुंच रहे हैं। वे बेतिया तथा कुमार बाग स्टेशन के बीच नवनिर्मित आर ओ बी का लोकार्पण करेंगे। इसका निर्माण कार्य पूरा हो जाने से बेतिया शहर के लोगों को भीषण जाम से काफी राहत मिली है। बेतिया छावनी में आयोजित विशेष समारोह में केंद्रीय कोयला राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे, राज्य की मंत्री रेणु देवी, पश्चिमी चंपारण के सांसद संजय जायसवाल, वाल्मीकि नगर के सांसद सुनील कमार सहित कई जन प्रतिनिधि और रेल अधिकारी उपस्थित रहेंगे। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

———बाईट———

रेल मंत्री श्री वैष्णव आज शाम पटना जंक्शन का भी दौरा करेंगे। इस दौरान वे स्टेशन पर विकास कार्यों का जायजा लेंगे।

————————————————————————

दिल्ली विधानसभा चुनाव परिणाम में भाजपा को भारी बहुमत मिला है। पार्टी ने सत्तर में से अड़तालीस सीटों पर जीत हासिल की है। सरकार बनाने के लिए छत्तीस सीटों की जरूरत है। वहीं, आम आदमी पार्टी को बाईस सीटों पर जीत मिली है। पार्टीक को पिछले विधानसभा चुनाव की तुलना में यह चालीस सीट कम हैं। कांग्रेस

समेत अन्य राजनीतिक दलों का खाता भी नहीं खुल सका। आम आदमी पार्टी के अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, सोमनाथ भारती, सौरभ भारद्वाज, सत्येंद्र जैन और अवध ओझा को हार का सामना करना पड़ा है। निवर्तमान मुख्यमंत्री आतिशी ने जीत दर्ज की है। इनमें भाजपा से दरभंगा निवासी अभय वर्मा, बक्सर निवासी पंकज कुमार सिंह और खगड़िया निवासी चंदन कुमार चौधरी शामिल हैं। वहीं, आप पार्टी से मधुबनी के अनिल झा और संजीव झा ने भी सफलता प्राप्त की है।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है दिल्ली विधानसभा चुनाव परिणाम इस बात का प्रतीक है कि देश भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकार पर भरोसा करता है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता ने यह स्पष्ट कर दिया है कि दिल्ली के असली मालिक दिल्ली के लोग हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि दिल्ली एक शहर मात्र नहीं है, बल्कि यह एक लघु भारत है जो एक भारत श्रेष्ठ भारत की धारणा के अनुरूप है। भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दिल्लीवासियों के दिलों में बसते हैं। उन्होंने दावा किया कि लोगों ने भ्रष्ट आम आदमी पार्टी को नकार दिया है।

———————————————————————

परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का आठवां संस्करण इस वर्ष नये प्रारूप में प्रस्तुत किया जायेगा। आठ एपिसोड का यह कार्यक्रम कल से नई दिल्ली के भारत मण्डपम में शुरू हो रहा है। परीक्षा पे चर्चा की पहली कड़ी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विद्यार्थियों के साथ बातचीत करेंगे। कार्यक्रम में अभिनेत्री दीपिका पादुकोण, मुक्केबाज एम.सी. मेरीकॉम और आध्यात्मिक गुरू सदगुरू की भी उपस्थिति होगी।

———————————————————————

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने देशभर के विद्यार्थियों का परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के तनाव को कम करने और परीक्षा की तैयारियों के प्रबंधन में काफी मददगार हो रहा है।

———बाईट———

———————————————————————

दक्षिण बिहार के विभिन्न जिलों में कल से तीन मार्च तक बिजली बिल सुधार अभियान चलाया जायेगा। इसके तहत हर गांव में विशेष शिविर का आयोजन किया जायेगा। प्रबंध निदेशक महेन्द्र कुमार ने बताया कि शिविर में बिजली बिल सुधार, राजस्व वसुली, प्री–पेड मीटर से जुड़ी समस्याओं और नये कनेक्शन में देरी सहित अन्य शिकायतों का निवारण किया जायेगा। इस अभियान की नियमित निगरानी विद्युत कार्यपालक अभियंता और सहायक अभियंता करेंगे।

————————————————————————

नगर विकास और आवास विभाग ने प्रदेश के पैंतालीस नगर निकायों में कचरे के ढेर का ड्रोन सर्वे कराने का निर्णय लिया है। विभाग ने इसकी जिम्मेवारी छह एजेंसियों को सौंपी है। सर्वे के आधार पर कचरे के ढेर का निस्तारण किया जायेगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि राज्य के उन्नीस नगर निगम सहित सभी नगर निकायों में जरूरत के अनुसार प्रोसेसिंग प्लांट लगाये जायेंगे।

————————————————————————

संघ लोक सेवा आयोग, यूपीएससी ने सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर अठारह फरवरी कर दी है। पहले यह तिथि ग्यारह फरवरी निर्धारित थी। नौ सौ उनासी पदों पर भर्ती के लिए इस वर्ष यूपीएससी परीक्षा का आयोजन कर रहा है। जिनमें अड़तीस पद दिन्यांग अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित हैं।

————————————————————————

उत्तराखंड में आयोजित अड़तीसवें राष्ट्रीय खेलों में बिहार ने स्वर्ण पदक जीता है। लॉन बॉल महिला ट्रिपल स्पर्धा में बिहार की टीम ने जीता है। फाईनल मुकाबले में बिहार की खुशबू कुमारी, निखत खातून और पायल प्रीति की तिकड़ी ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुये पश्चिम बंगाल को कड़े मुकाबले में पन्द्रह–चौदह से पराजित कर दिया। वर्ष दो हजार में बिहार विभाजन के बाद से नेशनल गेम्स में बिहार को पहला स्वर्ण पदक मिला है। इधर, लॉन बॉल की एकल पुरूष स्पर्धा में बिहार के चंदन कुमार को रजत पदक जबकि लेजर रन पुरूष स्पर्धा में कांस्य पदक मिला है। वहीं, निशानेबाजी में भी बिहार को मेडल की सम्भावना बढ़ गई है। अर्जुन पुस्कार विजेता ओलम्पियन निशानेबाज श्रेयसी सिंह ने ट्रैप स्पर्धा के क्वालीफाइंग राउंड के दूसरे चरण में प्रवेश कर लिया है।

————————————————————————

और अब खबरें महाकुंभ से......

———म्यूजिक———

केन्द्र सरकार ने प्रयागराज में जारी महाकुंभ में राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत बारह हजार से अधिक बुजुर्गों और दिव्यांगों को निःशुल्क सहायक उपकरण उपलब्ध कराए हैं। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

————————————————————————————

सर्द पछुआ हवा के कारण प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है। इससे सुबह और शाम के समय लोगों को कनकनी महसूस हो रही है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य के बारह शहरों का न्यूनतम तापमान दस डिग्री सेल्सियस से नीचे रिकॉर्ड किया गया है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले दो दिनों में प्रदेश के विभिन्न भागों में पछुआ हवा का प्रभाव कम होने की सम्भावना है, जिससे न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होगी।

———बाईट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान छह डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ बांका राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। राजधानी पटना का न्यूनतम तापमान बारह दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

————————————————————————————

फाईलेरिया मुक्त बिहार बनाने के लिए कल से प्रदेश के चौबीस जिलों में फाईलेरिया की दवा खिलाई जायेगी। स्वास्थ्य विभाग के अपर निदेशक डॉक्टर वाई.एम. पाठक ने बताया कि इस अभियान में कई विभाग और विभिन्न गैर सरकारी संगठन सहयोग करेंगे। अभियान के अन्तर्गत लाभार्थियों को दो दवाएं अल्बेंडाजोल और डीईसी खिलाई जायेगी।

————————————————————————————

प्रदेश में फोटोयुक्त मतदाता सूची में नब्बे वर्ष और उससे अधिक उम्र के मतदाताओं के सत्यापन के लिए आज से विशेष अभियान चलाया जायेगा। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एच.आर. श्रीनिवास ने बताया कि यह अभियान सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक चलाया जायेगा। इस दौरान सभी मतदान केन्द्र स्तरीय पदाधिकारी बीएलओ अपने–अपने मतदान केन्द्र के क्षेत्र में भ्रमण कर नब्बे वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं का ऑनलाईन सत्यापन कर फोटो अपलोड करेंगे।

———————————————————————————————

अरवल जिले में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की चौदह फरवरी को प्रस्तावित प्रगति यात्रा के मद्देनजर तैयारियां तेज कर दी गयी है। श्री कुमार करपी प्रखंड के बेलखारा गांव में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिले में दो सौ करोड़ रूपये से अधिक की योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

———————————————————————————————

अररिया जिले के फारबिसगंज थाना क्षेत्र अन्तर्गत मुख्य डाकघर के पास से चोरों ने एक व्यक्ति की मोटरसाईकिल की डिक्की में रखे दो लाख सैंतालीस हजार रूपये चुरा लिये।

———————————————————————————————

गोपालगंज जिले में एसटीएफ और अपराधियों के बीच हुई मुठभेड़ में पचास हजार रूपये के ईनामी अपराधी मनीष यादव मारा गया है।

———————————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां....

आज के सभी समाचार पत्रों ने दिल्ली विधानसभा चुनाव परिणाम से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– दिल्ली में सत्ताईस वर्षों बाद प्रचंड जीत के साथ भाजपा की सत्ता में वापसी। अखबार लिखता है– दिल्ली में आप प्रास्त कमल लिखा।

आज अखबार ने इसी खबर को प्रधानमंत्री के हवाले से लिखा है– श्री मोदी ने कहा– आप–दा से मुक्त हुई दिल्ली।

दैनिक जागरण ने कृषि सेवा के कर्मियों के बीच नियुक्ति पत्र वितरण की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुये लिखा है– मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कृषि ने नव चयनित एक हजार सात कर्मियों के बीच नियुक्ति पत्र बांटे।

———————————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव आज बिहार के एक दिवसीय दौरे पर आ रहे है। श्री वैष्णव बेतिया में नव निर्मित रेल ऊपरी पुल–आरओबी का लोकार्पण करेंगे।

02. परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का आठवां संस्करण कल से हो रहा है शुरू। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पहली कड़ी में विद्यार्थियों से करेंगे बातचीत।

03. उत्तराखंड में आयोजित अड़तीसवें राष्ट्रीय खेलों में बिहार ने स्वर्ण पदक जीता। लॉन बॉल महिला ट्रिपल स्पर्धा में मिला गोल्ड मेडल।

04. और, सर्द पछुआ हवा के प्रभाव के कारण राज्य के अधिकांश हिस्सों में तापमान में गिरावट। मौसम विभाग ने कहा– अगले दो दिनों में पछुआ हवा का प्रभाव होगा कम।

———————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर बाद तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित किया जायेगा।